2. भालू ने खेली फ़ुटबॉल

सर्दियों का मौसम था। सुबह का वक्त। चारों ओर कोहरा ही कोहरा। एक शेर का बच्चा सिमटकर गोल-मटोल बना जामुन के पेड़ के नीचे सोया हुआ था।

इधर भालू साहब सैर पर निकल तो आए थे लेकिन पछता रहे थे। तभी उनकी नज़र जामुन के पेड़ के नीचे पड़ी।



आँखें फैलाई, अक्ल दौड़ाई- अहा फ़ुटबॉल। सोचा, चलो इससे खेलकर कुछ गर्मी हासिल की जाए।

© NCERT not to be republished

आव देखा न ताव। भालू जी ने पैर से उछाल दिया शेर के बच्चे को।

हड़बड़ी में शेर का बच्चा दहाड़ा और फिर पेड़ की एक डाल पकड़ ली।

मगर डाल टूट गई। भालू साहब जल्दी ही मामला समझ गए। पछताए, लेकिन अगले ही पल दौड़कर फ़ुर्ती से दोनों हाथ बढ़ाए और शेर के बच्चे को लपक लिया।

© NCERT not to be republished

अरे यह क्या! शेर का बच्चा फिर से उछालने के लिए कह रहा था।

एक बार फिर भालू दादा ने उछाला।
दो बार...
तीन बार...
फिर
बार–बार यही होने लगा।



शेर के बच्चे को उछलने में मज़ा आ रहा था। परंतु भालू थककर परेशान हो गया था।

ओह, किस आफ़त में आ फँसा।

बारहवीं बार उछालते ही भालू ने घर की ओर दौड़ लगाई और गायब हो गया।



© NCERT not to be republished

अब की बार शेर का बच्चा
धड़ाम से ज़मीन पर आ गया।
डाल भी टूट गई।
तभी माली वहाँ आया और
शेर के बच्चे पर बरस पड़ा–

डाल तोड़ दी पेड़ की।
लाओ हर्जाना।
शेर के बच्चे ने कहा–
ज़रा ठीक तो हो लूँ।
माली ने कहा ठीक है।
मैं अभी आता हूँ।

माली के वहाँ से जाते ही शेर का बच्चा भी नौ दो ग्यारह हो लिया। उसने सोचा–
जान बची तो लाखों पाए।

© NCERT not to be republished

कहानी से

- शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल क्यों पकड़ी?
- शेर का बच्चा क्यों दहाड़ा?
- भालू साहब किस बात पर पछताए?
- भालू ने क्यों कहा–ओह! किस आफ़त में आ फँसा?

पहले क्या हुआ, फिर क्या-क्या हुआ

- भालू ने शेर के बच्चे को उछाल दिया। ☐
- शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल पकड़ ली। ☐
- भालू ने घर की ओर दौड़ लगाई। ☐
- भालू साहब सैर को निकले। ☐
- भालू ने शेर के बच्चे को लपक कर पकड़ लिया। ☐

क्या होता अगर

- भालू शेर के बच्चे को न पकड़ता?
- शेर का बच्चा नौ दो ग्यारह न होता?

करके देखो

- जब भालू ने शेर के बच्चे को उछाला, वह दहाड़ा। उसके दहाड़ने की आवाज़ कैसी होगी, बोलकर दिखाओ।
- नीचे लिखे कामों को कैसे करते हैं? कक्षा में करके बताओ।

लपकना	फेंकना
कंघी करना	मोज़ा पहनना
दबे पाँव चलना	धुले कपड़े निचोड़ना

© NCERT not to be republished

शेर के बच्चे ने सुनाई आपबीती

शेर के बच्चे ने घर जाकर अपने माता-पिता को अपनी कहानी सुनाई। उसने क्या-क्या सुनाया होगा? बताओ।

खेल-खेल में

(क) फ़ुटबॉल को **फ़ुट बॉल** क्यों कहते होंगे?

(ख) ऐसे खेलों के नाम बताओ जिनमें **बॉल** (गेंद) का इस्तेमाल करते हैं।

....

पिट्ठू

तुम्हारी समझ से

ठंड से बचने के लिए शेर का बच्चा गोल-मटोल सिमटकर बैठ गया था।

तुम्हारे विचार से शेर का बच्चा ठंड से बचने के लिए और क्या-क्या कर सकता था?

उलट-पुलट

सर्दियों का मौसम। चारों ओर **कोहरा ही कोहरा**।

गर्मियों का मौसम। चारों ओर **धूप ही धूप**।

उदाहरण के अनुसार शब्दों को उलट कर लिखो।

- शेर का बच्चा फिर से **उछालने** को कह रहा था।
  शेर का बच्चा फिर से .... को कह रहा था।
- पेड़ की एक डाल **पकड़** ली।
  पेड़ की एक डाल .... दी।
- पिट्ठू को सतौलिया भी कहते हैं।

© NCERT not to be republished

ठंड से बचना

भालू ने ठंड से बचने के लिए फ़ुटबॉल खेलने की बात सोची। तुम ठंड से बचने के लिए क्या-क्या करती हो? (✓) का निशान लगाओ।

- दौड़ लगाती हो।
- गर्म कपड़े पहनकर घर में बैठती हो।
- रज़ाई ओढ़ती हो।
- आग तापती हो।
- ठंडा पानी पीती हो।
- गर्म पानी में नहाती हो।
- गर्म-गर्म चाय पीती हो।

© NCERT not to be republished